# शिव शंभू से बढ़के कोई नहीं | By Sanjeev Kumar Hansi |

शिव शंभू से बढ़के कोई नहीं
चाहे घूम लो सारा ज़माना
ऐसे ही नहीं मेरा बाबा का ये
सारा जग दीवाना
ॐ नमो नमो नमो
ॐ नमो नमो शिवाय

सारे जगत में बाजे डंका
मेरे बाबा के नाम का
सबकी जुबान पे एक नाम
बस महाकाल के नाम का
मेरा बाबा छप्पर फाड़ के देता
सच्चा है आजमाना
ऐसे ही नहीं मेरा बाबा का ये
सारा जग दीवाना
ॐ नमो नमो नमो
ॐ नमो नमो शिवाय

निर्धन हो या कोई धनी हो
लगते सभी कतार में
सबको मुँह माँगा फल मिलता
कमी नहीं भंडार में
सारे किस्मत के मारों का
न कोई दूजा और ठिकाना
ऐसे ही नहीं मेरा बाबा का ये
सारा जग दीवाना
ॐ नमो नमो नमो
ॐ नमो नमो शिवाय

जो जपता है नाम प्रभु का
शिव शंभू उसे ना भूले
साया बनके साथ है रहता
जो इनके मन को छूले
ये राज भी चाहे इनके चरणों में
जीवन ये बिताना
ऐसे ही नहीं मेरा बाबा का ये
सारा जग दीवाना
ॐ नमो नमो नमो
ॐ नमो नमो शिवाय

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%b6%e0%a4%82%e0%a4%ad%e0%a5%82-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%a2%e0%a4%bc%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-by/